# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर, (राज.) - 302026

▮ वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ▮ ई–मेल - jrrsu@yahoo.com ▮ टेलीफैक्सः 0141 - 2850564


क्रमांक प.( ) जरारासंविवि/ अनु.केन्द्र / 26 / 1160 दिनांक- 2/2/2026

## आवश्यक सूचना

## विद्यावारिधि (पीएच.डी.) उपाधि हेतु षाण्मासिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 2025-26 में भाग लेने हेतु दिशानिर्देशः-

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) के नियमानुसार विश्वविद्यालय द्वारा षाण्मासिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (कोर्स-वर्क) 2025-26 का आयोजन अविलम्ब किया जा रहा है।

प्री-पीएच.डी. प्रवेश पात्रता परीक्षा 2024-25 में उत्तीर्ण सभी पात्र अभ्यर्थियों को षाण्मासिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (कोर्स-वर्क) 2025-26 हेतु आवेदन पत्र की शर्तों के अनुसार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए आवेदन किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (कोर्स-वर्क) 2025-26 की शुल्क राशि रूपये 18,540/- (अक्षरे राशि रूपये अठारह हजार पाँच सौ चालीस मात्र) किसी भी बैंक के डी.डी. या विश्वविद्यालय स्थित इन्डियन बैंक के माध्मय से चालान द्वारा कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर के नाम से भरकर अनुसन्धान केन्द्र में दिनांक- 28.02.2026 तक आवश्यक रूप से जमा करावें।

ध्यातव्य है कि उक्त षाण्मासिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (कोर्स-वर्क) 2025-26 एक सेमेस्टर (छःमाह) आधारित है, जिसमें 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है। उपस्थिति की गणना के अनुसार जिन अभ्यर्थियों की उपस्थिति निर्धारित मापदण्डानुसार पूर्ण नहीं हो पाती हैं, तो ऐसे अभ्यर्थियों को उपस्थिति न्यूनता के अभाव में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (कोर्स-वर्क) 2025-26 की परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जावेगा तथा भविष्य में इस हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा।

ऐसे अभ्यर्थी जो कि राजकीय सेवारत हैं अथवा अन्य किसी शिक्षण संस्थान में कार्यरत कार्मिक हैं, उनको अपने नियोक्त अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र (रिलीविंग-सर्टिफिकेट) आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश दिया जावेगा, अन्यथा इसके अभाव में की जाने वाली कार्यवाही के लिए छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगे एवं अभ्यर्थी द्वारा पाठ्यक्रम हेतु जमा शुल्क वापस नहीं किया जावेगा।

षाण्मासिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (कोर्स-वर्क) 2025-26 के आवेदन पत्र में दिये गये आवश्यक दिशानिर्देशों के सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए आवेदन करें।

2-2-26

(डॉ. राजधर मिश्र)
निदेशक,अनुसन्धान केन्द्र